>

Title: Need to reopen level crossing no. 121C between Himmatnagar-Khedbramha railway line in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) में हिम्मतनगर-खेडब्रह्म स्थित रेल लाइन के मध्य भाग वडाली शहर के पास मानव रहित समपार संख्या 121 सी पहले से ही स्थापित किया हुआ था जो केसरगंज इत्यादि पांच-छः गाँव वालों को वड़ाली जाने के लिए एवं किसानों के लिए अपने खेतों में बैलगाड़ी-ट्रैक्टर आदि वाहनों के आवागमन के लिए अति उपयोगी था। इस समपार को रेल विभाग ने 2009 में बंद कर दिया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत, जिला पंचायत तथा स्थानीय गाँव वालों को विश्वास में लिए बगैर तथा समपार 121 सी का विकल्प दिए बिना बंद कर दिया गया। पांच साल से गांव के लोग उसे खुलवाने की मांग कर रहे हैं। महिलाओं के साथ मिलकर जन आंदोलन भी किए गए लेकिन आज तक समस्या हल नहीं हुई है। मैंने इस संबंध में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से मुलाकात करने पर उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा मांग करने पर खोलने की बात कही। जिला प्रशासन द्वारा खुलवाने हेतु लिखित मांग करने पर कुछ नहीं हुआ। थोड़े दिन पहले जनरल मैनेजर मुंबई से पत्र आया कि रेलवे अंडर ब्रिज बनाने के लिए आप हमें सांसद निधि से पैसा दीजिए। हमारे पास सीमित फंड होता है। उसमें पीने के पानी तथा रास्ते आदि बनाने के काम करने होते हैं। मेरी मांग है कि हिम्मतनगर-खेडब्रह्म लाइन है, यातायात बहुत कम रहता है। अतः गरीब किसानों को खेतों में जाने के लिए समपार 121 सी को खुलवाया जाय अथवा अन्य विकल्प की व्यवस्था की जाए। अगर अपेक्षित परिणाम नहीं मिला तो मैं खुद आमरण अनशन करूँगा जिसकी जिम्मेदारी रेल विभाग की होगी।